दिनांक 25 मार्च 2021
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

26 मार्च दिन शुक्रवार को होगा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन , निगम की सारी तैयारियां पूर्ण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के लिए मतदाता सूची तैयार कर ली गई है! निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनांक 26 मार्च 2021 दिन शुक्रवार को निगम मुख्य कार्यालय के नोटिस बोर्ड , रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम कार्यालय दुर्ग तथा जिला निर्वाचन (स्थानीय निर्वाचन) दुर्ग कलेक्टर कार्यालय में किया जाएगा! अंतिम प्रकाशन के लिए भिलाई निगम द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है! सूची का अवलोकन शुक्रवार को किया जा सकता है! इसके लिए भिलाई निगम से कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है! मतदाता सूची के अवलोकन के लिए कक्ष क्रमांक 26 के सामने भी व्यवस्था की जाएगी! ताकि आसानी से आमजन मतदाता सूची का अवलोकन कर सकें! उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक मतदाता सूची के दौरान मतदाताओं की संख्या 407326 थी! दावा-आपत्ति के दौरान नाम जोड़ने के लिए 624, संसोधन के लिए 118 और नाम हटाने के लिए 554 आवेदन प्राप्त हुए! इस प्रकार दावा-आपत्ति के दौरान कुल 1296 आवेदन प्राप्त हुए! जिसमें से 582 लोगों का नाम जोड़ा गया , 117 लोगों का संशोधन किया गया तथा 284 का नाम विलोपित किया गया! निर्वाचक नामावली तैयार होने के बाद अब अंतिम महिला मतदाता की संख्या 201535 एवं अंतिम पुरुष मतदाता की संख्या 206077 इस प्रकार कुल 407624 हो गई है! वार्ड 52 में सबसे कम 2857 मतदाता है वही सबसे अधिक मतदाता वाला वार्ड 27 है जिसमें 8536 मतदाता शामिल है! वार्ड क्रमांक 52 में सबसे कम मतदान केंद्र भी है और सबसे अधिक मतदान केंद्र वाले वार्ड 12 में है! वार्ड 12 में 10 मतदान केंद्र शामिल है! सबसे कम संवेदनशील मतदान केंद्र वाला जोन सेक्टर क्षेत्र का जोन क्रमांक 5 है! और सबसे अधिक संवेदनशील मतदान केंद्र वाला जोन शिवाजी नगर खुर्सीपार है! कुल 62 संवेदनशील मतदान केंद्र निगम भिलाई क्षेत्र में है! सामान्य मतदान केंद्रों की संख्या 401 है इस प्रकार कुल 463 मतदान केंद्र भिलाई निगम क्षेत्र में है! भिलाई निगम क्षेत्र में शासकीय भवन वाले मतदान केंद्र 250 है वहीं निजी भवन में मतदान केंद्रों की संख्या 145 है! सार्वजनिक उपक्रम वाले मतदान केंद्र की संख्या 68 है! चंद्रपाल हरमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई निगम के कर्मचारी निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की तैयारी में लगे हुए!

जनसंपर्क अधिकारी